asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

राजपत्र में दर्ज हुआ डोंगरगांव का... पृष्ठ 2 | पथर्रा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

गुरूवार, 25 जून 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 251, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य और बलिदान राष्ट्र की प्रेरणा का अमर स्रोत : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित केनाल लिंकिंग रोड पर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रानी दुर्गावती का अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उनका जीवन राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रानी दुर्गावती का शौर्य और त्याग आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ है। उनकी गौरवगाथा हमें विपरीत परिस्थितियों में भी साहस, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा अपने महान नायकों और गौरवशाली इतिहास का स्मरण करना अत्यंत आवश्यक है। जो समाज अपने इतिहास और विरासत को विस्मृत कर देता है, उसका भविष्य भी संकटग्रस्त हो जाता है, जबकि जो समाज अपने महापुरुषों को कृतज्ञता और सम्मान के साथ याद रखता है, उसका भविष्य सदैव उज्ज्वल होता है।

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने मुगल साम्राज्य की विशाल सेना के सामने अद्वितीय वीरता का परिचय दिया। अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए उन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा वीरगति को प्राप्त हुईं। उनका बलिदान भारतीय इतिहास में साहस और स्वाभिमान के अप्रतिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है। विकास की यात्रा तभी सार्थक होती है, जब हम अपनी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक चेतना और महान विभूतियों के योगदान को भी समान रूप से संरक्षित करें। रानी दुर्गावती ने जिस राष्ट्रचेतना, स्वाभिमान और संघर्ष की भावना का संचार किया, वह आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन केवल इतिहास का विषय नहीं,

बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, डॉ. नंदकुमार साय, रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे, छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रूप सिंह मंडावी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.....

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। चंगोराभाठा रायपुर सियान सदन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ट्रस्ट के द्वारा किया गया, जिसमें

अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा अलग-अलग स्वास्थ्य जांच की गई ए एस जीआई हॉस्पिटल शंकर नगर ,वाधवा हॉस्पिटल मैत्री नगर एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल आनंद नगर इस सेवा कार्य में शामिल हुए, सियान सदन से नारायण सिंह यदु और सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे, चंगोराभाठा से पार्षद श्रीमती दुर्गा यादव भी उपस्थित हुई काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही और इस सेवा कार्य की सराहना किए, मुख्य अतिथि के रूप में सियान सदन के वरिष्ठ नारायण सिंह यदु और पार्षद श्रीमती दुर्गा यादव साथ में डॉक्टर टीम को ट्रस्ट के मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया, ट्रस्ट से संगठन प्रभारी डॉक्टर नीता गुरु गोस्वामी जिला अध्यक्ष श्रीमती कल्पना शुक्ला, टिकरापारा प्रभारी गैंदी बाई सिन्हा, रानी साहू, रेणु गुप्ता, नमिता पात्रा, कुंज बिहारी चौक प्रभारी संध्या तिवारी सुंदर नगर प्रभारी मनोरमा बाजपेई ,लक्ष्मी अवस्थी,सरोज शुक्ला ,रजनी सोनी मधु शर्मा डॉ .अंकुर गुरुगोस्वामी उपस्थित रहे । जन औषधि से राजेश शर्मा का भी इस कार्य में मुख्य योगदान रहा, ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधु वाद दिए।

छोटी लापरवाही भी कर सकती है निलंबन तक की नौबत : एसपी अंकिता शर्मा

दक्ष ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 300 पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद, अनुशासन और जनोन्मुखी पुलिसिंग पर दिया जोर

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स) । पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, अनुशासित और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में राजनांदगांव पुलिस ने बुधवार को महत्वपूर्ण पहल करते हुए च्दक्ष ओरिएंटेशन कार्यक्रमज् आयोजित किया। कार्यक्रम में जिलेभर के लगभग 300 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद करते हुए पुलिस सेवा में आने वाली चुनौतियों, कार्य के दौरान होने वाली त्रुटियों और बेहतर पुलिसिंग की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

एसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि पुलिस सेवा में छोटी-छोटी लापरवाहियां भी गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती हैं। विभागीय नियमों की अनदेखी कई बार विभागीय जांच, पुलिस लाइन अटैचमेंट और निलंबन जैसी स्थितियां पैदा कर देती है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्ध कार्रवाई को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाने की सीख दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि केवल अपराध नियंत्रण से नहीं, बल्कि आम जनता के साथ उसके व्यवहार से भी बनती है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को जनता के प्रति सकारात्मक और जिम्मेदार रवैया अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को खुलकर अपनी समस्याएं, सुझाव और अनुभव साझा करने का अवसर दिया। प्रश्नोत्तर सत्र में पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, आधुनिक और जनहितैषी बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। उत्कृष्ट सुझाव देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, अलेक्जेंडर कीरो, एसडीओपी के.पी. मरकाम, जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर एसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने, जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा राजनांदगांव पुलिस की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

पंचग्राम तपोभूमि माटरा खुज्जी में रुद्राभिषेक महायज्ञ एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड छुरिया अंतर्गत पंचग्राम तपोभूमि (माटरा खुज्जी) में आयोजित शिवजी के रुद्राभिषेक महायज्ञ एवं नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण समारोह में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू अपने परिवार सहित शामिल हुए। धार्मिक एवं सामाजिक महत्व के इस आयोजन में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री साहू ने भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने संत-महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर विधायक ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी साबित होगा तथा ग्रामीण विकास की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। समारोह में प्रताप धावड़े (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा), रूखमणी सिन्हा (सरपंच, ग्राम पंचायत अरजकुण्ड), अक्तू भुआर्य (उपसरपंच), अवध सिन्हा (ग्राम प्रमुख), रामायण भुआर्य, गिरवर पटेल, भागवत साहू, चंद्रप्रभा सुधाकर सहित संत समागम, ग्रामवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। धार्मिक वातावरण, वैदिक मंत्रोच्चार और संतों के सान्निध्य में आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। ग्रामीणों ने विधायक श्री साहू के आगमन एवं सामुदायिक भवन के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का खोला पिटारा , मोनू बहादुर ने जताया आभार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। बीते सोमवार संस्कारधानी की पावन धारा पर पधारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 510 करोड़ रुपए के कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया और विकास को एक नई दिशा दी । इतने बड़े और वृहद विकास कार्यों के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , राजनांदगांव के लोक प्रिय विधायक व् विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह , प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव , लोकप्रिय सांसद संतोष पांडेय सहित पूरे भाजपा नेतृत्व का आभार जताया है । मोनू बहादुर सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास कार्यों की गंगा बहाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह जी ने किया था और लगातार पंद्रह वर्षों तक प्रदेश में विकास की गंगा बहती रही और अब मौजूदा मुख्यमत्री विष्णुदेव साय जी ने भी प्रदेश के विकास को नए आयाम दिए हैं । मोनू बहादुर सिंह ने सभी का हृदय से आभार जताते हुए कहा कि 19 गांवों के 8 हजार एकड़ में सिंचाई क्षमता बढ़ाने की सोच , शिवनाथ नदी पर सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण , सोयाबीन उत्पादन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर , मोहारा मेला ग्राउंड से ऑक्सीजोन तक ब्रिज का निर्माण ये सभी कार्य ना सर भाजपा सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाते हैं बल्कि यह साबित भी करते हैं कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो जाती धर्म से ऊपर उठाकर केवल विकास की राह पर चलती है ।

मोनू ने आगे कहा कि कुमरदा, गैंदाटोला , कलुबंजारी में छप्पन करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की सौगात विकास कार्यों की कड़ी में मील का पत्थर साबित होगी । मोनू ने सभी का आभार जताने के अलावा यह भी कहा कि भाजपा की सरकार ही एक ऐसी सरकार है जहाँ समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। सरकार द्वारा योजनाओं को धरातल स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है। मोनू ने कहा कि राजनांदगांव वासियों को सोमवार को 510 करोड़ 89 लाख 16 हजार रूपए की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि 114 करोड़ रूपए की लागत से शिवनाथ व्यपवर्तन योजना से धामनसरा, भर्रेगांव, जंगलेशर सहित 19 गांव को इस योजना से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले 1641 एकड़ में सिंचाई हो रही थी, लेकिन लाईनिंग कार्य होने पर 7870 एकड़ में सिंचाई होगी।

शपथ ग्रहण के साथ घुमका से गूंजा परिवर्तन का संदेश

दीपक बैज एवं भूपेश बघेल की मौजूदगी में हुआ शपथ ग्रहण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवनिर्वाचित नगर पंचायत घुमका अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का अभिनंदन किया। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौतम पाटिल ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलमती वर्मा एवं पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि शपथ ग्रहण उपरांत अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष फूलमती वर्मा एवं सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व उन्होंने घुमका की धरती से प्रदेश में परिवर्तन का बिगुल बजने की बात कही थी और आज वही परिवर्तन का शंखनाद बनकर पूरे प्रदेश में गूंज रहा है। उन्होंने इस जीत को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की एकजुटता एवं जनता के अटूट विश्वास का परिणाम बताया।

जनसेवा और विकास के लिए मिलकर करें कार्य : भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि सरपंच रहते हुए फूलमती वर्मा घुमका क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों को लगातार उनके समक्ष रखती थीं, जिन पर कांग्रेस सरकार ने प्राथमिकता से कार्य किया।

आत्मानंद विद्यालय, तहसील का दर्जा तथा नगर पंचायत का गठन इसके प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि अब सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर घुमका के विकास, जनसमस्याओं के समाधान एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति के साथ हुआ सम्मान

समारोह के समापन से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा एवं कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ी खुमरी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक शाहिद भाई के दिशानिर्देशन में वरिष्ठ पार्षद रामचंद्र वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन प्रक्रिया में कांग्रेस के सभी पांचों निर्वाचित पार्षदों ने संगठनात्मक एकजुटता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से अपना समर्थन प्रदान किया, जिससे उन्हें सभी पांचों पार्षदों का मत प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस की एकता एवं संगठनात्मक मजबूती स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, दलेश्वर साहू, यशोदा वर्मा, भोलाराम साहू, पूर्व विधायक धनेश पाटिला एवं भुनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई एवं थानेश्वर पाटिला, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री किशन खंडेलवाल, नवाज खान, पदम कोठारी, भागवत साहू, रमेश डाकलिया, नीता लोधी, दुर्गेश द्विवेदी, राहुल तिवारी, हनी ग्रेवाल, पंकज बांधव, अंगेश्वर देशमुख, चंद्रेश वर्मा, कुतुबुद्दीन सोलंकी, चित्रलेखा वर्मा, आसिफ अली, पंचराम चंदेल, प्रताप धावड़े, रज्जू जान, मुन्ना इब्राहिम, जितेंद्र भाटिया, मतीन खान, शिशुपाल भारती, पप्पू वर्मा, नलिनी वर्मा, केदार यादव, राजकुमारी सिन्हा, शोभाराम बघेल, प्रदीप पटेल, सौरभ वैष्णव, आरती महोबिया, राजील कुरैशी, अमीन उके, करीम भाई, गौरव शर्मा, रामचंद्र वर्मा, ऊषा वर्मा, कुमारनाथ बघेल, विशाल गढ़े, दिलीप गजेन्द्र, आफ्ताब खान, आशीष बाजपेयी, प्रियेश मेश्राम, इमरान रंगरेज, सदाब अली, मोहित कोचरे, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

अवैध खाद भंडारण पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, 313 बोरी उर्वरक जब्त

एक दुकान दस गोदाम चल रहा अवैध भंडारण



छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि श्री राजकुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में खरीफमौसम 2026 के मद्देनजर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा जिले में खाद, बीज विक्रय केंद्रों तथा संभावित अवैध भंडारण स्थलों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विभाग ने अवैध खाद भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 313 बोरी उर्वरक जब्त किए हैं। विकासखंड छुईखदान के ग्राम अचानकपुर (पैलीमेटा) में व्यवसायी अनिल साहू के गोदाम का निरीक्षण करने पर बिना वैध दस्तावेजों के 94 बोरी उर्वरक का भंडारण पाया गया। प्रारंभिक जांच में यह भंडारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संपूर्ण स्टॉक जब्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। इसी प्रकार विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम गाडाघाट स्थित साहू किराना स्टोर में बिना अनुज्ञप्ति के यूरिया विक्रय किए जाने की सूचना पर संबंधित प्रोपराइटर श्री नानक दास साहू के गर्रापार स्थित गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बिना वैध दस्तावेजों के 58 बोरी डीएपी तथा 72 बोरी यूरिया सहित कुल 219 बोरी उर्वरक का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर व्यवसायी द्वारा बिल एवं उर्वरक खरीदी संबंधी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद गोदाम में उपलब्ध समस्त उर्वरकों को जब्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद, बीज एवं कीटनाशक खरीदें तथा खरीदारी का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

nandgaon times june-25-4.qxd 6/25/2026 1:19 AM Page 2

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि स्मरण दिवस मनाया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर स्मरण दिवस (संस्मरण दिवस)पखवाड़ा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में मनाया जा रहा है। प्रदेश व जिला संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडल डोंगरगांव द्वारा डोंगरगांव नगर के स्थानीय विश्राम गृह में मंडल अध्यक्ष दीना पटेल के नेतृत्व में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य तिथि मनाई गई। इस दौरान भाजपा मंडल डोंगरगांव के समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। मुख्य रूप से दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉक्टर नीरेंद्र साहू, गुलशन हिरवानी, अंजू त्रिपाठी, अरुण जैन, राजेंद्र ठाकुर, हिना मंगल जैन,मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, महामंत्री हेमंत चोपड़ा, सतीश कुमार पाण्डेय, मनोज हेमनानी, महेश्वर साहू,योगेश पटेल, दयानंद सेन वीरेंद्र साहू पार्षद कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन,युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव, रामानंद निर्मलकार, लोमश हिरवानी,नोमित सोनकर, सौरभ सिंह ठाकुर, उपस्थित थे।

राजपत्र में दर्ज हुआ डोंगरगांव का नया इतिहास

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। आखिरकार वह दिन आ ही गया जिसका डोंगरगांव वर्षों से इंतजार कर रहा था। नगर पंचायत से नगर पालिका परिषद बनने की लंबे समय से चली आ रही मांग पर मुहर लगाते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने डोंगरगांव को नगर पालिका परिषद का दर्जा प्रदान कर दिया है। राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित होने के साथ ही डोंगरगांव ने विकास के एक नए युग में प्रवेश कर लिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को लेकर नगरवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

डोंगरगांव को नगर पालिका परिषद बनाने की दिशा में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी लगातार प्रयासरत थीं। शासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष उन्होंने बार-बार इस मांग को मजबूती से उठाया। अब शासन की अधिसूचना जारी होने के बाद उनका यह संकल्प साकार हो गया है। क्षेत्र में इस फैसले को अंजू त्रिपाठी के सतत प्रयासों की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 के तहत डोंगरगांव नगर पंचायत का उन्नयन कर उसे नगर पालिका परिषद घोषित किया गया है। वर्ष 2011 की

अंजू त्रिपाठी के प्रयासों से मिला नगर पालिका परिषद का दर्जा

जनगणना के अनुसार लगभग 14 हजार 693 आबादी वाले इस नगर को अब शहरी विकास योजनाओं में अधिक महत्व और संसाधन प्राप्त होंगे। नगर की वर्तमान सीमाएं यथावत रहेंगी। नगर पालिका परिषद का दर्जा मिलने के बाद डोंगरगांव में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, उद्यान, सामुदायिक भवन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिक बजट उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ भी नगर को पहले की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से मिलेगा। अधिसूचना जारी होने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडे तथा सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे डोंगरगांव की जनता के विश्वास, सहयोग और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अब उनकी प्राथमिकता नगर पालिका परिषद के माध्यम से डोंगरगांव को एक आधुनिक, व्यवस्थित और सुविधायुक्त नगर के रूप में विकसित करना है। नगर पालिका परिषद बनने की खबर सामने आते ही नगर में बधाइयों का दौर शुरू हो गया। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे डोंगरगांव के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया है। लोगों का मानना है कि यह केवल प्रशासनिक उन्नयन नहीं, बल्कि डोंगरगांव की पहचान, प्रतिष्ठा और विकास की संभावनाओं को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक फैसला है।

लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भाजपा का दायित्व : दीपक म्हसके

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में सीजीएमसी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक म्हसके ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि देश को दो बार आजादी मिली है— पहली 1947 में अंग्रेजों की गुलामी से और दूसरी 1975 के आपातकाल के खिलाफहुए जनआंदोलन के बाद।भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए म्हसके ने कहा कि आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों का दमन किया था। उस दौर में जनसंघ के कार्यकर्ताओं, लोकतंत्र सेनानियों और राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े हजारों लोगों को जेलों में बंद किया गया तथा उनके मौलिक अधिकारों पर अंकुश लगाया गया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के खिलाफदेशभर में चले संघर्ष ने लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने का कार्य किया और यही कारण है कि भाजपा हर वर्ष इस दिन को याद कर नई पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई से अवगत कराती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह जानना चाहिए कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कितने लोगों ने त्याग और संघर्ष किया था। म्हसके ने कहा कि आज का भारत एक सशक्त लोकतंत्र है, जहां मीडिया पूरी तरह स्वतंत्र है और अपनी बात खुलकर रख सकता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के समय प्रेस पर सेंसरशिप लागू कर समाचारों को नियंत्रित किया जाता था, जबकि वर्तमान में मीडिया स्वतंत्र रूप से सरकार और व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है। प्रेस वार्ता में उन्होंने आपातकाल के दौरान जनसंघ कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र सेनानियों द्वारा झेली गई कठिनाइयों का भी उल्लेख किया तथा कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुए उस संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा का प्रयास है कि देश की नई पीढ़ी इस इतिहास को समझे और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक बने। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर लालवानी, तरुण लहरानी, सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा, राजगामी के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

eeraj-phe-cg@nic.in 07744-299703

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा, निविदा कंमाक 24 दिनांक 27.05.2026 (जी कंमाक 262701072) को पात्रता निर्धारण पश्चात एकल निविदा हो जाने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
राजनांदगांव (छ.ग.)

G - 1695/1

- नाम परिवर्तन-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं तुलसा बाई TULSA BAI पति नरेश कुमार निवासी ग्राम पाटेकोहरा पोष्ट-थाना चौकी-चिचोला तहसील-छुरिया जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं मेरे आधार कार्ड नाम तुलसा बाई TULASA BAI पति नरेश कुमार अंकित हैं एव मै अपना नया नाम परिवर्तन कर हिन्दी/अग्रेजी तुलसा बाई पति नरेश कुमार TULSA BAI W/O NARESH KUMAR के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सूचना जाने ।

भवदीय
(तुलसा बाई)
TULSA BAI

शुभांक

1-6-0

456-5 890-7

भाग्यांक

689-3 779-3

- नाम परिवर्तन सूचना

ईस्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक दशरथ लाल पिता-तुलाराम जाति-नाई निवासी ग्राम-दाऊटोला मकान नं.12 वार्ड, नं. 01 तह. अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ0ग0)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वंय के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर दसरत सेन अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वंय के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर दशरथ लाल अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में दसरत सेन अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर दशरथ लाल अंकित कराना चाहता हूं। इस ईस्ताहार के सबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईस्ताहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव इस्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें ।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-24/06/2026

दशरथ लाल
निवासी ग्राम दाऊटोला
तह. अं. चौकी
जिला-मो.मा.अं. चौकी

ग्राम बगदई में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थ ग्राम बगदई में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जागृति यदु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति राजनांदगांव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार और सिद्धांत आज भी देश को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुलदीप ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत बगदई ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने ग्रामीणों से उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने की अपील की। वहीं गौरव यदु, भाजपा युवा मोर्चा डोंगरगांव के महामंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण संघर्ष किया। उनके आदर्श और विचार आज भी युवाओं को देश सेवा और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

// निविदा सूचना//

क्रमांक 530/निविदा/लोक-11/2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 24.06.2026

नगर पालिक निगम राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्रं	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1.	मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 02 बड़ा तालाब पार स्थित भवन मरम्मत कार्य।	1.42	15.07.2026
2.	मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 22 शासकीय आवासीय क्वार्टर का मरम्मत कार्य।	1.90	15.07.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के तकनिकी शाखा विद्युत विभाग एवं वेबसाइट www.mcrjn.com से प्राप्त कि जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाइड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़ जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क. बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गोदावरी बाई आत्मज स्व. कंगलु निवासी ग्राम सारंगपुर, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) द्वारा अपने जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 20/12/1973 को स्थान सारंगपुर में होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो, वे सुनवाई दिनांक 07/07/2026 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

जारी दिनांक : 19/06/2026
सुनवाई दिनांक : 07/07/2026

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ (छ.ग.)**

- नाम परिवर्तन-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं डागेश पिता गोपाल राम निवासी ग्राम पिनकापार पोष्ट-पटपर थाना-डोंगरगढ़ तहसील-ला0ब0नगर जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड नाम राजेश कुमार गोंड़ पिता गोपाल गोड अंकित हैं एव मै अपना नया नाम परिवर्तन कर हिन्दी/अग्रेजी डागेश पिता गोपाल राम DAGESH S/o GOPAL RAM के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सूचना जाने ।

भवदीय
(डागेश)

नाम परिवर्तन सूचना

मैं कन्हैया लाल चंद्रवंशी पिता रोहीलाल चंद्रवंशी निवासी ग्राम खम्हेरा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम संस्कार कन्हैया दुधबिनई (Sanskar Kanhaiya Dudhbinay) पिता कन्हैया दुधबिनई (Kanhaiya Dudhbinay) से बदलकर संस्कार चंद्रवंशी (Sanskar Chandravanshi) पिता कन्हैया लाल चंद्रवंशी (Kanhaiya Lal Chandravanshi) रख लिया है।

कन्हैया लाल चंद्रवंशी
ग्राम खम्हेरा तहसील-डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत, अंबागढ़ चौकी जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

E-mail-emoambagarhehoiki@rediffmail.com Office Phonc, No. 07747-248054

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक / 803/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 **अं. चौकी, दिनांक-24/06/26.**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म 'ए' में नगर पंचायत अं. चौकी क्षेत्रांतर्गत निम्न कार्य हेतु पी.एच.ई. एस ओ आर 2020 में प्रतिशत दर पर दो लिफाफा प्रद्धति से निविदा स्पीड पोस्ट/रजिर्स्टड डाक से आमंत्रित की जाती है।

(1) निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.07.2026 दोपहर 3:00 बजे तक
(2) निविदा खोलने जाने की तिथि
15.07.2026 शाम 4:00 बजे

क्र.	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
1	[illegible] 15 [illegible]	4.18	750/-	"A"	4900/-	03 माह

टीपः- निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की संसोधन सूचना विभाग के वेबसाईट एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर प्रसारित की जावेगी, पृथक से सामाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अं.चौकी अ. चौकी

अनिकेत मिश्रा का नागालैंड सैनिक स्कूल में चयन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। बजरंगपुर नवागांव निवासी नर्मदा प्रसाद मिश्रा के पुत्र मास्टर अनिकेत मिश्रा का चयन शासकीय सैनिक स्कूल पुंगलवा (नागालैण्ड) के लिए हुआ है। वे गायत्री विद्या मंदिर स्कूल सुकुलदैहान के विद्यार्थी हैं। मास्टर अनिकेत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरू मुसरा निवासी दीनदयाल साहू को दिया है।

कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा), जिला कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक 1225/भू-अर्जन / 2026. **कबीरधाम, दिनांक.. 17/06/2026**

-: सार्वजनिक सूचना ::-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत-सुतियापाट जलाशय के बांयी तट नहर विस्तारीकरण के अंतर्गत नहर निर्माण कार्य ग्राम-रणवीरपुर, प.ह.न. 26, रा.नि.मि. बी. नगर, तहसील-स./ लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

क्र.	प्रस्तावित भू धारक का नाम/जाति	भूमि का प्रकार	खसरा नं.	कुल रकबा (हे.में.)	अर्जित रकबा (हे.में.)
1	अयुब खान पिता अकबर खान	असिंचित	16/3	0.612	0.089
2	गोपी पटेल व अन्य 05 भू-स्वामी पिता महेश जाति मरार	असिंचित	16/10	0.409	0.068
3	सम्पत पटेल पिता झुमलाल	असिंचित	16/1	0.611	0.112
4	हेमलाल पिता रूमलाल	असिंचित	16/6	0.611	0.102
5	तेजराम,रामखिलावन,दुर्गाप्रसाद,कमलेश, तिजिया बाई पिता माखनलाल अमरौतिनबाई बेवा माखनलाल जाति- महरा	असिंचित	16/2	2.260	0.022
6	अनुज,अजय,छबी,उत्तम अनुपाबाई बेवा दशरथ जाति-महरा	असिंचित	14/2	1.283	0.006
7	गलिया,बरतिया,चैतूराम,रामबाई रामा,चैतकुंवर पिता बल्लू जाति-मरार	असिंचित	14/4	0.433	0.088
8	प्रभा पति सुंदरलाल जाति-यादव	असिंचित	13/3	0.793	0.085
9	सुंदरलाल पिता फगुवा जाति-यादव	असिंचित	13/2	1.214	0.170
10	शशिप्रभा,करिश्मा पिता शिवप्रसाद जाति-यादव	सिंचित	13/1	2.008	0.116
11	बिसम्भर पिता फेरहा जाति-गोंड	सिंचित	28/1	0.304	0.011
			39/7	0.203	0.049
	योग		2	0.507	0.060
12	मेवालाल,खेमलाल,देवव्रत,चितरेखा कुमारीबाई बेवा भुनेश्वर जाति-गोंड	असिंचित	28/5	0.307	0.122
13	तोरण पिता धनवार बालाराम पिता धनवार जाति-तेली	असिंचित	28/2	0.611	0.016
14	शांतिबाई जौ0 मोहन मानिकपुरी जाति-पनिका	असिंचित	28/3	0.611	0.001
15	गोविंद पिता हिरदेराम साहू जाति-तेली	असिंचित	28/4	0.619	0.136
16	आलिम पिता फरीदखान जाति-मुसलमान	असिंचित	29	1.546	0.001
17	घासल पिता बलीराम जाति-मरार	असिंचित	37/1	0.405	0.045
18	रामसत पिता मुकितयार जाति- मरार	असिंचित	38/1	0.789	0.190
19	बसंतलाल पिता मुकितयार जाति-मरार	असिंचित	38/2	0.793	0.008
20	शोभाराम पिता अनंदराम जाति-कलार	असिंचित	39/2	0.393	0.119
21	धनसाय पिता समलिया जाति-मरार	असिंचित	42/1	0.340	0.027
22	सिद्वराम पटेल, गंगाबाई पिता रामसाय,	असिंचित	42/9	0.344	0.019
23	रोहित साहू पिता मनोहर जाति-तेली	असिंचित	42/3	0.539	0.058
24	जगन्नाथ पिता फनदू जाति-ठेठवार	असिंचित	42/5	0.655	0.065
25	भुलूराम पिता जेठू जाति-तेली	असिंचित	42/2	0.405	0.095
26	ईश्वरी लाल साहू पिता चिताराम साहू	असिंचित	41/14	0.223	0.075
27	उमेराम पिता रिखीराम जाति-तेली	असिंचित	41/16	0.405	0.075
28	गोमती पिता केवल तिजियाबाई बेवा केवल जाति-मरार	असिंचित [illegible]	357/3	0.809	0.122
29	पुनियाबाई पिता खोरबाहरा जाति-मरार	असिंचित	356/4	0.611	0.013
30	राजेश पिता जहली	असिंचित	356/2	0.611	0.051
31	छत्रपाल,सोनसिंह,खिलावन,टीकाराम रजनबाई,राजबाई पिता जहली जाति-मरार	असिंचित	356/1	0.607	0.190
	कुल योग -		32	22.364	2.346

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो यह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

G- 01653/3

नाम सुधार हेतु सूचना / इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बुधराम, पिता परषोत्त, जाति गोंड़, निवासी ग्राम भोथली, तहसील छुईखदान, जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) अपनी पुत्री के नाम संबंधी यह सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ।

मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम तमन्ना (TAMANNA) है, जो उसकी मार्कशीट एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों में दर्ज है। किन्तु आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम टेमनटीन छेदैया (TEMANTIN CHHEDAIYA) अंकित हो गया है।

मेरी पुत्री का सही एवं प्रचलित नाम तमन्ना (TAMANNA) है तथा भविष्य में समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग, राजस्व एवं अन्य अभिलेखों में इसी नाम का उपयोग किया जाएगा। आधार कार्ड में दर्ज टेमनटीन छेदैया (TEMANTIN CHHEDAIYA) नाम के स्थान पर तमन्ना (TAMANNA) नाम दर्ज कराये जाने हेतु यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।

उक्त नाम सुधार के संबंध में छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की आवश्यकता है।

स्थान : छुईखदान (छ.ग.)
दिनांक : 23/06/2026

सूचनाकर्ता
बुधराम
पिता - परषोत्त
निवासी - ग्राम भोथली, तहसील छुईखदान
जिला - खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

नाम सुधार हेतु सूचना / इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सतरूपाबाई यादव, पति उत्तम यादव, निवासी सिविल लाइन, खैरागढ़, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.), अपने पुत्र के नाम संबंधी यह सूचना प्रकाशित करा रही हूँ।

मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम रामेश्वर यादव (RAMESHWAR YADAV) है, जो उसकी मार्कशीट एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों में दर्ज है। किन्तु आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम समीर यादव (SAMIR YADAV) अंकित हो गया है।

मेरे पुत्र का सही एवं प्रचलित नाम रामेश्वर यादव (RAMESHWAR YADAV) है तथा भविष्य में समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग, राजस्व एवं अन्य अभिलेखों में इसी नाम का उपयोग किया जाएगा। आधार कार्ड में दर्ज समीर यादव (SAMIR YADAV) नाम के स्थान पर रामेश्वर यादव (RAMESHWAR YADAV) नाम दर्ज कराये जाने हेतु यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।

उक्त नाम सुधार के संबंध में छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की आवश्यकता है।

स्थान : खैरागढ़ (छ.ग.)
दिनांक : 20/06/2026

सूचनाकर्ती
सतरूपाबाई यादव
पति - उत्तम यादव
निवासी - सिविल लाइन, खैरागढ़
जिला - खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, साल्हेवारा जिला खैरागढ- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क. 202605290200010
अ/19 (3) वर्ष 2025-26
प.ह.नं. 03, साल्हेवारा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास विभाग), जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई के पत्र क्रमांक /2025/आजाक/निर्माण/2025-26, दिनांक 27/02/2026 के अनुसार 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास निर्माण हेतु ग्राम साल्हेवारा, प.ह.नं. 03, तहसील साल्हेवारा, जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 173/1, कुल रकबा 93.690 हेक्टेयर में से 1.000 हेक्टेयर + 1.000 हेक्टेयर, कुल 2.000 हेक्टेयर भूमि संबंधित विभाग को आबंटित एवं हस्तांतरित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण के संबंध में राजस्व पुस्तक परिपत्र में निहित प्रावधानों के तहत विस्तृत जांच प्रतिवेदन कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), गण्डइ- छुईखदान के माध्यम से दिनांक 17/06/2026 को इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त भूमि के आबंटन एवं हस्तांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा पक्षकार को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो वह पेशी दिनांक 08/07/2026 अथवा उसके पूर्व स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता / अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष लिखित दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

जारी दिनांक : 17/06/2026
पेशी दिनांक : 08/07/2026

सील **तहसीलदार साल्हेवारा जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़ जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क. बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचंद, पिता कन्हैया, निवासी ग्राम कुलीकसा, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) द्वारा अपनी पुत्री लिलेश्वरी के जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 17/07/2009 को स्थान कुलीकसा में होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो, वे सुनवाई दिनांक 30/06/2026 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

जारी दिनांक : 22/06/2026
सुनवाई दिनांक : 30/06/2026

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़**

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. - 202606291500010
शीर्ष-अ-6 (अ) वर्ष 2025-26
क्रमांक : 4031 / वा. नजूल / 2026
खैरागढ़, दिनांक : 23/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जया ठाकुर, पति छत्रपाल सिंह ठाकुर, निवासी दाऊचौरा, खैरागढ़, जिला के.सी.जी. (छ.ग.) द्वारा नगर खैरागढ़, मोहल्ला बसंतपुर, ब्लॉक नं. 03 स्थित भूखण्ड क्रमांक 40/2/इ1 एवं 40/2/इ4, रकबा क्रमशः 1206 वर्गफुट एवं 1206 वर्गफुट, के संबंध में राजस्व अभिलेख त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से केवल भूखण्ड क्रमांक 40/2/इ1, रकबा 1206 वर्गफुट क्रय किया गया था, किन्तु राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश भूखण्ड क्रमांक 40/2/इ4, रकबा 1206 वर्गफुट भी आवेदिका के नाम पर दर्ज हो गया है। अतः उक्त भूखण्ड क्रमांक 40/2/इ4 को अभिलेख से विलोपित कर राजस्व अभिलेख में आवश्यक त्रुटि सुधार किये जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त वादभूमि संबंधी अभिलेख में त्रुटि सुधार किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा / आपत्ति / आक्षेप प्रस्तुत करना हो, वे ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की जाती है।

जारी दिनांक : 23/06/2026

सील **नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)**

ज्ञान मंथन

1) सीमांत श्रमिक वह व्यक्ति है जो एक वर्ष में कितना समय के लिए काम करता हैं?
2) स्वतंत्र भारत की पहली औद्योगिक नीति की रूपरेखा कब तैयार की गई थी?
3) लॉरियस स्पोर्ट्स अवार्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम कौन है?
4) महाराष्ट्र में होली के 5वें दिन कौन सा त्यौहार मनाया जाता हैं?
5) हट्टी रिसाला महोत्सव किस राज्य में मनाया गया है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) 183 (2) 6 अप्रैल 1948 (3) भारत (4) रंगपंचमी (5) महाराष्ट्र

डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। भाजपा शहर मंडल द्वारा भारतीय

जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना, नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक विजेंद्र सिंह ठाकुर, महामंत्री विनय बंसल, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, महामंत्री संगीता राजपूत, नम्रता चौबे, अलका जयस सहारे, वत्सला श्रीवास्तव , पार्षद अमित जैन, देवेंद्र साखरे, शिवांगी साखरे, शारदा यादव राजेश कंडरा, अनीता इंदुरकर, सत्य प्रकाश मिश्रा ,युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, महामंत्री शुभम अग्रवाल, अनु जा जिला मंत्री रूपेंद्र इंदुरकर, जयंत साहू, चितरंजन साहू, सहित शहर के समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जोशीलमती में मनाया गया योग दिवस

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शा. हाईस्कूल जोशीलमती ग्राम पंचायत

मंच में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया । कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू व सरपंच गोमती साहू, हाईस्कूल प्रभारी प्राचार्य ए सोरी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला के स्टॉफ जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी ने करें योग, रहे निरोग के संदेश को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। हाईस्कूल के पूर्व अध्यक्ष यादव राम साहू ने सूर्य नमस्कार एवं ध्यान कराया और बताया कि योग हमारे मानसिक तनाव को दूर करता है और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है।

पथर्रा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित पूर्ण हो चुके नाली निर्माण की रुकी मूल्यांकन राशि भुगतान की मांग

गंडई पंडरिया। जनपद पंचायत छुईखदान के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पथर्रा में बुधवार को आयोजित ग्राम सभा में विकास कार्यों के रुके हुए भुगतान को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों और ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि पूर्ण हो चुके 'ओपन ग्रेट वॉटर ड्रेन' (नाली निर्माण) कार्य की रुकी हुई मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना की राशि का भुगतान तत्काल ग्राम पंचायत के खाते में किया जाए। मामले की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत पथर्रा के पूर्व सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष रणजीत सिंह चन्देल ने बताया कि अक्टूबर 2023 में ग्राम छिराहीडीह (सक्षम ग्राम) में ?3,94,000 और ग्राम पथर्रा में ?5,89,000 की लागत से ओपन ग्रेट वॉटर ड्रेन निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। यह कार्य मुख्यमंत्री समग्र + मनरेगा + 15वें वित्त के अभिसरण (कन्वर्जेंस) मद से स्वीकृत हुआ था।

काम शत-प्रतिशत पूरा, फिर भी लाखों का भुगतान अटका

बयान जारी करते हुए पुर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रणजीत सिंह चन्देल ने कहा, यह दोनों निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत (100त्न) पूरे कर लिए गए हैं। संबंधित उप-अभियंता (सब-इंजीनियर) द्वारा कार्य का तकनीकी मूल्यांकन और भौतिक सत्यापन भी किया जा चुका है। सत्यापन के बाद मनरेगा व अन्य मदों की राशि तो पंचायत को मिल गई, लेकिन राज्य में शासन परिवर्तन के दौरान तकनीकी कारणों से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के हिस्से की राशि आज तक अप्राप्त है।चन्देल ने आगे स्पष्ट किया कि शासन परिवर्तन के समय कुछ कार्यों

पूर्व सरपंच व सरपंच संघ अध्यक्ष रणजीत सिंह चन्देल ने उठाई आवाज; शासन परिवर्तन के फेर में फंसी है मुख्यमंत्री समग्र योजना की राशि

को निरस्त करने के आदेश जरूर आए थे, परंतु पथर्रा और छिराहीडीह का यह कार्य उस आदेश के जारी होने से पहले ही पूरी तरह मुकम्मल हो चुका था। कार्य पूर्ण होने के बावजूद अंतिम मूल्यांकन राशि न मिलने से भुगतान अटका हुआ है, जिससे स्थानीय स्तर पर परेशानी हो रही है।

फंसी हुई शेष राशियों का विवरण

ग्राम सभा में रुके हुए भुगतानों का स्पष्ट लेखा-जोखा भी सामने रखा गया, जिसके तहत मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना की निम्नलिखित शेष राशियां अटकी हुई हैं: ग्राम छिराहीडीह (नाली निर्माण): ?1,57,000 (एक लाख सत्तावन हजार रुपए) की राशि शेष। ग्राम पथर्रा (नाली निर्माण): ?2,37,000 (दो लाख सैंतीस हजार रुपए) की राशि शेष। विशेष मांग: ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने उक्त रोकी गई राशियों को शीघ्र जारी करने का आग्रह किया है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए, इस विशिष्ट राशि को शीघ्रता से स्वीकृत (चित्र प्रदान) करते हुए शासन द्वारा सीधे ग्राम पंचायत के खाते में अंतरित (ट्रांसफर) करने का विनम्र निवेदन किया गया है।

उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा प्रतिवेदन

बुधवार 24 जून को पथर्रा में आयोजित ग्राम सभा में सरपंच, सचिव, वार्ड पंचों और समस्त ग्रामवासियों की मौजूदगी में इस विषय को प्रमुखता से रखा गया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में सहमति जताते हुए प्रस्ताव पारित किया। ग्राम सभा के माध्यम से अब जिला व जनपद पंचायत सहित उच्च कार्यालयों को यह आधिकारिक प्रतिवेदन भेजा जा रहा है कि कार्य पूरी तरह सत्यापित है, अत: रोकी गई राशि को जल्द से जल्द पंचायत के खाते में अंतरित किया जाए ताकि संबंधितों का अंतिम भुगतान सुचारू रूप से किया जा सके।

गायत्री विद्यापीठ में पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ मना गायत्री जयंती

पं.श्रीराम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ में गायत्री जयंती के पावन अवसर पर गायत्री विद्यापीठ में विशेष प्रार्थना सभा एवं युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गायत्री महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने युगऋषि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा स्थापित युग निर्माण आंदोलन, शिक्षा, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के संदेश को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने अपने संपूर्ण जीवन को मानवता के उत्थान, विचार क्रांति तथा विश्वकल्याण के लिए समर्पित किया। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।

प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा माँ गायत्री की आराधना के साथ गायत्री मंत्र, प्रेरक विचार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य श्री अंकित व्यास ने अपने संदेश में कहा कि गायत्री जयंती आत्मिक जागरण, सद्विचार एवं आत्मविकास का पर्व है। गायत्री मंत्र को सर्वसुलभ बनाने वाले युग पुरूष पं.श्रीराम शर्मा आचार्य जी जिनका संपूर्ण जीवन संपूर्ण मानव कल्याण के लिए समर्पित था, जिन्होंने कठोर तप के द्वारा गायत्री मंत्र को जन+जन तक पहुंचाया। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही हम उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने श्रेष्ठ चिंतन, उत्कृष्ट चरित्र तथा समाज सेवा के संकल्प के साथ गुरुदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सम्पूर्ण वातावरण श्रद्धा, भक्ति एवं प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्री अंकित व्यास, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली।

होटल, रेस्टोरेंट एवं कैफे में कबीरधाम पुलिस की सघन जांच

सीसीटीवी लगाने और पारदर्शिता बनाए रखने के दिए निर्देश

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस द्वारा होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट एवं कैफे की लगातार जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी कवर्धा आशीष शुक्ला एवं कोतवाली थाना प्रभारी श्री योगेश कश्यप के नेतृत्व में कवर्धा शहर के लालपुर रोड में विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट एवं कैफे का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता तथा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जांच के दौरान संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उन्हें नियमित रूप से चालू अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही फुटेज को निर्धारित अवधि तक सुरक्षित रखने के लिए भी कहा गया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में आवश्यक जानकारी तत्काल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान होटलों में पर्दा लगाकर अलग-अलग कक्ष जैसा विभाजन (पार्टिशन) किया गया था, जिससे पारदर्शिता प्रभावित हो रही थी और अवांछित गतिविधियों की संभावना बनी हुई थी। कबीरधाम पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त पर्दों को हटवाया गया तथा संचालको को भविष्य में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं करने की सख्त हिदायत दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कैफे में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होनी चाहिए, जिससे किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों को बढ़ावा मिले। निरीक्षण के दौरान होटल, रेस्टोरेंट एवं कैफे संचालकों को आगंतुकों खासकर नाबालिगों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा प्रतिष्ठान में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। एसडीओपी श्री आशीष शुक्ला ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट एवं कैफे की नियमित जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन अथवा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

सड़क पर वाहन रोककर हमला और एससी/एसटी एक्ट का अपराध पांच आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामकुमार मरकाम निवासी ग्राम खम्हरिया, थाना रेंगाखार द्वारा थाना कवर्धा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई कि दिनांक 22 जून 2026 को वे अपने साथियों एवं जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी सहित वाहन से कवर्धा से रेंगाखार की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान भोरमदेव पैलेस के समीप आरोपी गोकुल कौशिक द्वारा वाहन रोककर विवाद किया गया। इसके पश्चात आरोपियों ने सरोधा नहर पुलिया तिराहा स्थित बजरंगबली मंदिर के पास वाहन को पुन: रोककर प्रार्थी एवं उनके साथियों के साथ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं मारपीट की गई।

घटना के दौरान जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी के हस्तक्षेप करने पर आरोपियों द्वारा उनके विरुद्ध जातिसूचक एवं अपमानजनक टिप्पणियां करते हुए अनुसूचित जनजाति वर्ग के सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया। शिकायत के आधार पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 251/2026 के तहत धारा 126(2), 296, 115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (क्ष्हस्) एवं धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा प्रकरण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम का होने से विवेचना अजाक थाने के पर्यवेक्षण आधिकारी उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव द्वारा की गई।

विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के कथन दर्ज किए गए, घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दस्तावेज एवं जाति प्रमाण पत्र जप्त किए गए। आरोपी गोकुल कौशिक के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्र-09-छ्व-8841 को विधिवत जप्त किया गया। विवेचना में संकलित तथ्यों के आधार पर आरोपीगण— 1. गोकुल कौशिक (32 वर्ष) निवासी खैरबना 2. गोविंद कौशिक (33 वर्ष) निवासी खैरबना 3. रामानुज कौशिक (38 वर्ष) निवासी गोछिया 4. सागर साहु (27 वर्ष) निवासी खैरबना कला 5. आलोक तिवारी (21 वर्ष) निवासी खैरबना कला को दिनांक 23 जून 2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड का परीक्षण करने पर उनके विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के तथ्य प्राप्त हुए हैं। प्रकरण के गिरफ्तार आरोपियों को आज दिनांक-24.06.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

धर्म समाचार....

शादी में दूल्हे को घोड़ी पर ही क्यों बैठाया जाता है? जानिए इस रस्म से जुड़ा गहरा रहस्य

विवाह को हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में से एक माना जाता है। विवाह दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र बंधन माना गया है। विवाह के दौरान कई तरह की रस्में की जाती हैं। हर रस्म का अपना एक विशेष महत्व होता है। एक रस्म ऐसी है, जब घर से बारात निकलती है, तो दूल्हे को घोड़ी पर बैठाया जाता है। अक्सर लोगों में मन में सवाल आता होगा कि आखिर दूल्हे को घोड़ी पर ही बैठाकर बारात क्यों निकली जाती है, तो ऐसे में आइए इस लेख में एस्ट्रोपत्री के ज्योतिषी चंद्रेश शर्मा के अनुसार आपको बताते हैं कि इस रस्म के पीछे की खास वजह के बारे में। ज्योतिषी चंद्रेश शर्मा के अनुसार, हिंदू धर्म में विवाह के समय दूल्हे का घोड़ी पर बैठना बेहद खास माना जाता है। इसके पीछे गहरे धार्मिक,सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण छिपे हैं: इंद्रियों पर नियंत्रण का पाठ: घोड़ी को अत्यधिक चंचल, फुर्तीली और बुद्धिमान माना जाता है। जिस तरह एक कुशल सवार अपनी सूझबूझ और नियंत्रण से चंचल घोड़ी को अपने वश में रखता है, ठीक उसी तरह दूल्हे को भी संदेश दिया जाता है कि उसे अपने नए गृहस्थ जीवन में अपनी चंचल इंद्रियों, इच्छाओं और हर परिस्थिति को नियंत्रण में रखना होगा। उत्पत्ति और नए जीवन का प्रतीक: पौराणिक कथाओं के अनुसार, सूर्य देव की पत्नी 'संज्ञा' ने घोड़ी का रूप धारण किया था, जिससे अश्विनी कुमारों का जन्म हुआ। इस नाते सनातन परंपरा में घोड़ी को उत्पत्ति, वंश वृद्धि और एक नए जीवन की शुभ शुरुआत का प्रतीक भी माना जाता है। शौर्य और वीरता का भाव: इतिहास में योद्धा और राजा-महाराजा युद्ध व विजय अभियानों के लिए घोड़ों का इस्तेमाल करते थे। विवाह के समय दूल्हे का घोड़ी पर सवार होना उसके शौर्य, वीरता और जिम्मेदारी उठाने के साहस को दर्शाता है। वैसे देखा जाए तो विवाह के दौरान की जाने वाली ये खास परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। प्राचीन समय में क्षत्रियों और राजा-महाराजाओं से यह रस्म शुरू हुई थी। शादी के दिन दूल्हे को भी एक राजा के बराबर माना जाता है, जो अपनी दुल्हन को ब्याह कर अपने घर ले जाने के लिए निकलता है। आज के समय भी यह विवाह के दौरान निभाई जाती है।

25 जून को बुध का पुष्य नक्षत्र में महागोचर, कर्क और कन्या समेत इन राशियों की खुलेगी किस्मत, होगा धन लाभ

आज हम बात कर रहे हैं 25 जून 2026 को होने वाले बुधदेव के पुष्य नक्षत्र गोचर की। वैदिक ज्योतिष में बुधदेव हमारी वाणी, व्यापार, शिक्षा, तकनीक, लेखन और किसी भी विषय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को नियंत्रित करते हैं। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनिदेव हैं और इसे बृहस्पतिदेव का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। यह नक्षत्र अनुशासन, समृद्धि, आत्मिक ज्ञान और उन्नति को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। पुष्य नक्षत्र पूरी तरह से कर्क राशि के अंतर्गत आता है, जो चंद्रदेव के स्वामित्व की जल तत्व की राशि है। जब बुधदेव इस नक्षत्र से होकर गुजरेंगे, तो यह हमारी तार्किक सोच और मन की भावनाओं के बीच एक बहुत ही सुंदर और अनोखा तालमेल स्थापित करेगा। इसके प्रभाव से लोग दूसरों के सामने अपनी बात बहुत ही सुंदर तरीके से रख पाएंगे, जिससे व्यापारिक समझौतों, पढ़ाई-लिखाई के कार्यों, धन के नियोजन और पारिवारिक चर्चाओं को बहुत ही उत्तम सहयोग मिलेगा। बस इस बात का ध्यान रखना होगा कि मन में किसी भी बात को लेकर बहुत ज्यादा न सोचें और भावनाओं के अतिरेक में आकर कोई भी बड़ा निर्णय न लें। ऐसा माना जा रहा है कि बुध गोचर का खास प्रभाव इन 6 राशियों पर पड़ेगा। आइए जानते हैं किन राशियों को मिलेगा लाभ ?

nandgaon times june-25-4.qxd 6/25/2026 1:20 AM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

सात बच्चों को कोख में खोने के बाद

डॉ.सुरभि मोहबे ने दिलाया मातृत्व सुख !

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। डॉ. सुरभि मोहबे हॉस्पिटल कंचनबाग, डी मार्ट रोड की संचालक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि ने एक नायाब कार्य कर ग्रामीण महिला को लंबे समय बाद मातृत्व सुख का आनंद दिलाया है । प्रसूता ने इससे पूर्व सात बच्चों को अपनी कोख में ही खो दिया था । 16 वर्ष पूर्व वैवाहिक बंधन में बंधने के बाद से वह इस सुख के लिए तरस रही थी । इस आठवें गर्भ की स्थिति में भी वही बी पी की समस्या बनी हुई थी । डॉ.सुरभि ने बड़ी सावधानी पूर्वक इलाज करते हुए स्वस्थ बच्ची का जन्म कराया । छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वास्थ्यगत सुविधा और नायाब कार्यप्रणाली द्वारा डॉ.सुरभि मोहबे ने एक महिला को मातृत्व सुख प्रदान कर न केवल साहू परिवार का दिल जीत लिया वरन उस परिवार में लक्ष्मी रूपी कन्या का जन्म भी कराया । गौरतलब है कि जिले के छुरिया ब्लॉक के ग्राम झीतराटोला निवासी श्रीमती लीला साहू विगत 16 वर्षों से संतान सुख से वंचित थी । खुद लीला साहू बताती हैं कि उन्होंने गर्भधारण तो किया किंतु हर बार उनकी ब्लड प्रेशर की बीमारी ने उनके सपनों को पूरा नहीं होने दिया । हर बार गर्भ की स्थिति में हाई ब्लड प्रेशर के कारण उनके सात बच्चों ने दुनिया नहीं देख पाई । सभी बच्चे उसकी कोख में ही दम तोड़ देते और मृत बच्चे को गर्भ से निकालकर उसकी जान बचाई जाती रही है ।

आठवीं बार जब श्रीमती लीला साहू गर्भवती हुई तो किसी ने उन्हें डॉ .सुरभि मोहबे से संपर्क करने की सलाह दी । डॉ.सुरभि ने बताया कि जब गर्भवती श्रीमती लीला साहू उनके पास आई तब भी जांच उपरांत उनका बी पी 200/120 पाया गया , जो चिंता का विषय था । डॉ सुरभि ने पिछली रिपोर्ट का अध्ययन कर केस हिस्ट्री के आधार पर ट्रीटमेंट शुरू किया । गर्भ की अवधि पूरी होने पर उन्होंने ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी कराकर 2 किलो 700 ग्राम वजन की स्वस्थ बच्ची का जन्म कराया । चूंकि बच्ची जन्म के बाद थोड़ी कमजोर थी , इसलिए उसे एक सप्ताह तक आई सी सी यू में रखा गया । उसके बाद स्वस्थ होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई । अपनी बच्ची को जीवित और स्वस्थ पाकर साहू परिवार खुशियों के आगे नतमस्तक है । उन्होंने डॉ. सुरभि के लिए यह कहने में संकोच नहीं किया कि वह उनके लिए ईश्वर बनकर सामने आई हैं ।

प्रेगनेंसी में बी पी बढ़ जाता था और हो जाती थी बच्चे की मौत

डिलीवरी से पूर्व एक माह तक रही भर्ती

श्रीमती साहू की केस हिस्ट्री को देखते हुए डॉ. सुरभि ने डिलीवरी से एक माह पूर्व श्रीमती साहू को अपने ऑब्जर्वेशन में रखने के उद्देश्य से हॉस्पिटल में भर्ती रखा । पुराने सभी मामलों में ठीक समय पर बी पी हाई हो जाता था और बच्चा गर्भ में ही दम तोड़ देता था । डॉ.की सावधानी और प्रसूता का सहयोग ही आज साहू परिवार की खुशी का कारण बना है।

करोड़ों की लागत से बने रेलवे ओवरब्रिज में दरार

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। मानसून की पहली ही बारिश ने करोड़ों रुपये की लागत से बने बोरतलाव ब्रिज की निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ वर्ष पहले रेलवे विभाग द्वारा निर्मित इस ब्रिज में दो पिलरों के बीच का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर बाहर निकल गया, जिससे पुल के बीचों-बीच एक लंबा और खतरनाक गैप बन गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

पिलरों के बीच बना गैप

जानकारी के अनुसार, बीती रात हुई बारिश के बाद बोरतलाव ब्रिज के दो पिलरों के बीच बना जॉइंट हिस्सा उखड़कर बाहर निकल गया। इसके चलते सड़क के बीच एक लंबा गैप दिखाई देने लगा, जिससे रात के समय आवागमन कर रहे लोगों की जान जोखिम में पड़ गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि इसी गैप की चपेट में आकर दो बाइक सवार घायल हो गए। वहीं रात करीब 9 बजे इस मार्ग से गुजर रहे दो बड़े वाहन भी हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि वाहन चालकों ने समय रहते नियंत्रण नहीं संभाला होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों का आरोप है कि रेलवे विभाग और संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों को सूचना देने के बावजूद काफी देर तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय पुलिस जवानों और ग्रामीणों ने मिलकर बाहर निकले क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाया और अस्थायी रूप से मार्ग को सुरक्षित किया। घटना के बाद ब्रिज निर्माण और उसके रखरखाव को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के सब इंजीनियर संजीत ने बताया कि ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ वर्ष पहले पूरा हो चुका है। वर्तमान में इसके रखरखाव और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी डोंगरगढ़ आईओडब्ल्यू (इंस्पेक्टर ऑफ वर्क्स) के माध्यम से की जानी है। हालांकि, जब उनसे ब्रिज निर्माण की कुल लागत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट जानकारी नहीं दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए पुल में इतनी कम अवधि के भीतर इस प्रकार की तकनीकी खामी सामने आती है, तो यह बेहद गंभीर मामला है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में यह पुल किसी बड़े हादसे की वजह बन सकता है। इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या करोड़ों रुपये की लागत से बना बोरतलाव ब्रिज पहली ही बड़ी बारिश का दबाव नहीं झेल पाया, या फिर निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया गया? अब इस सवाल का जवाब विभागीय जांच और तकनीकी रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेगा, लेकिन फिलहाल पुल में बना यह खतरनाक गैप लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

सीताकसा के दो छात्र एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित

डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आज आदिवासी छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस संस्था से निकलकर गरीब आदिवासी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला, सीताकसा से इस वर्ष लक्ष्य कुमार कोठारी एवं कृश कुमार कोठारी का चयन एकलव्य विद्यालय के लिए हुआ है। गांव के दो छात्रों के चयन से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख, बच्चों को कोचिंग देने वाले प्रधान पाठक प्रीतम कोठारी, शिक्षक प्रताप राणा, ढाल सिंह कोठारी तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू सहित समस्त ग्रामवासियों ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ADMISSION OPEN

लक्ष्य पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम)

New Session Starts NURSERY to VIII

ब्रांच 1 - शिव गजानन मंदिर, पूनम कॉलोनी, (ममता नगर)
ब्रांच 2 - वार्ड नं.5, चिखली, राजनांदगांव
ब्रांच 3 - चितालांग्या कपाउण्ड, बसंतपुर,

संपर्क करें 6232984380 7869228080 9893000492

छुईखदान में बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाएं, चार माह में दूसरी वारदात ने बढ़ाई चिंता

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक पर चाकू से हमला कर लूट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार; अपराधियों के बढ़ते हौसलों पर उठे सवाल

छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। छुईखदान नगर में चाकूबाजी और लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। बीते चार महीनों के भीतर यह दूसरी बड़ी चाकूबाजी की घटना है, जिसने आम लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक पर चाकूनुमा हथियार से हमला कर उससे नगदी लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी शत्रुहन यादव (40 वर्ष), निवासी जमातपारा, छुईखदान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 जून को शराब भट्ठी के पास राहुल कुम्भकार एवं उसके दो साथियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर तीनों ने उसके साथ मारपीट की और चाकूनुमा हथियार से बाएं हाथ पर हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद उसकी जेब से 300 रुपये निकालकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर कुछ ही घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके कब्जे से नगदी और घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। हालांकि इस कार्रवाई के बावजूद नगर में लगातार बढ़ती चाकूबाजी की घटनाएं कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। चार महीने पहले भी छुईखदान की शराब भट्ठी के पास हत्या की सनसनीखेज घटना हुई थी। इसके बाद भी अपराधियों के हौसले कम होते नहीं दिख रहे हैं। नगर में कई युवक खुलेआम चाकू लेकर घूमते नजर आते हैं, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल घटना होने के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। यदि पुलिस पहले से ही चिन्हित बदमाशों, चाकू लेकर घूमने वालों और असामाजिक तत्वों पर लगातार सख्त कार्रवाई करे, उनकी नियमित जांच-पड़ताल और निगरानी रखे, तो अपराधियों में कानून का भय बना रहेगा और वे इस तरह की वारदात करने से पहले कई बार सोचेंगे। लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि कई अपराधियों के मन से पुलिस का डर कम होता जा रहा है, जिसके कारण उनके हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि जिस प्रकार दुर्ग पुलिस द्वारा चाकूबाजों, गुंडा-बदमाशों और नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाती है तथा जिस प्रकार राजनांदगांव जिले के पुलिस अधीक्षक अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं, उसी तरह की प्रभावी मुहिम केसीजी जिले में भी चलाने की आवश्यकता है।

लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस द्वारा समय-समय पर शराब और गांजा के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जाती है, लेकिन अवैध शराब और नशे का कारोबार करने वाले कई लोग आज भी सक्रिय हैं। यदि ऐसे लोगों पर लगातार और प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में चाकूबाजी, लूट और अन्य गंभीर अपराधों में और वृद्धि हो सकती है। नगरवासियों ने जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर चाकू लेकर घूमने वाले, आदतन अपराधी, नशे का अवैध कारोबार करने वाले तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि अपराधियों में कानून का भय बने और आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

प्रवेश प्रारंभ (2026-27)

सनराईस पब्लिक स्कूल

कक्षा नर्सरी से 8वीं तक (अंग्रेजी माध्यम)

आनंदपूर्ण व गतिविधि आधारित शिक्षा
भाषा कौशल पर फोकस
खेलकूद, क्रीड़ा और योग कक्षाएं
सुरक्षित वैन सुविधा उपलब्ध

: संपर्क करें :
पता : हल्दी, राजनांदगांव (छ.ग.)
8349413442, 7999401552, 8319972593

महिला टीचर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन

प्रवेश प्रारंभ 2026-2027

पायोनियर पब्लिक स्कूल
अंग्रेजी माध्यम

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त

Class - Nursery to 8th
* Special facilities
* Caring Teachers
* R.T.E.
* Free Admission
CCTV

कैमरे की निगरानी में सुरक्षित स्कूल

स्थानः क्लब चौक के पास, बसंतपुर, वार्ड नं. 42, राजनांदगांव
मो. 9301779502,7987096627

राजनंदगांव में माई भारत वॉलंटियर्स ने डाकघर में सीखा कार्यप्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। माई भारत प्लेटफॉर्म , युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रालय , भारत सरकार के तहत राजनंदगांव में पांच दिवसीय च्एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्रामज् (प्रायोगिक शिक्षण कार्यक्रम) का सफल आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम मुख्य डाकघर राजनंदगांव के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में माई भारत के वॉलंटियर्स प्रज्ञाश्री मिश्रा, कात्यानी साहू, दिनेश्वर कुमार, दिव्या यादव, रोशन साहू और उदय वर्मा ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को डाक विभाग के दैनिक कामकाज और डिजिटल सेवाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आईपीएस (ढ्ढक्कस्) वेबसाइट की कार्यप्रणाली, पार्सल बुकिंग, स्पीड पोस्ट सेवा, कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) के संचालन और ई-मनी ऑर्डर व ऑफलाइन मनी ऑर्डर की बारीकियों से अवगत कराया गया। इसके अलावा उन्हें प्रत्येक डाक सामग्री को आवंटित होने वाले यूनिक बार कोड, विभिन्न प्रकार के डाक टिकटों, कर्मचारियों के कर्तव्यों, आचार संहिता और अवकाश नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सभी वॉलंटियर्स माई भारत पोर्टल पर अपनी रिपोर्ट जमा करेंगे, जिसके बाद उन्हें प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इस अनूठे कार्यक्रम ने युवाओं को सरकारी प्रणालियों को समझने और उनके कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शिक्षिका के प्रयास से रोहन को मिला दिव्यांग प्रमाण पत्र

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला मचानपार में पदस्थ स्वेता श्रीवास्तव प्रधान पाठक के प्रयास से रोहन कुमार निर्मलकर कौशल कुमार निर्मलकर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शाला में दाखिला दिया शाला में दाखिला के बाद पालकों से लगातार संपर्क कर सभी बच्चों को शाला भेजने को प्रेरित किया शाला में बच्चों के लिए निरंतर पठन कौशल के लिए टी एल एम । निर्माण कर बच्चो को प्रेरित किया साथ ही रोहन को सामान्य बच्चों के साथ उसे भी संस्था में शिक्षकों के द्वारा शिक्षण प्रदान किया गया समय समय पर शासन के द्वारा प्रदान की जाने वाली दिव्यांग कीट प्रदान किया जाता था सत्र 2025,26में उन्होंने कक्षा पांचवी उत्तीर्ण किया साथ ही संस्था के प्रधान पाठक के सहयोग से रोहन को दिव्यांग प्रमाण पत्र जिला से दिलवाया गयाशाला परिवार रोहन कि उज्वल भविष्य कि कामना करते हुए सभी शिक्षकों ने आशीष प्रदान की।

आज की स्थिति आपातकाल से अधिक चिंताजनक : संतोष पिल्ले

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी आज 1975 के आपातकाल का उल्लेख कर स्वयं को लोकतंत्र का सबसे बड़ा संरक्षक बताने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसे वर्तमान समय में लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों की वास्तविक स्थिति पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल इतिहास की घटनाओं को दोहराने से मजबूत नहीं होता, बल्कि वर्तमान में जनता की आवाज और संस्थाओं की स्वायत्तता को सुरक्षित रखने से मजबूत होता है।

श्री पिल्ले ने कहा कि वर्ष 1975 में लगाया गया आपातकाल तत्कालीन संवैधानिक प्रावधानों के तहत घोषित किया गया था। परिस्थितियां असाधारण थीं और उस निर्णय के बाद कांग्रेस जनता के बीच चुनाव में गई। जनता ने जो जनादेश दिया, कांग्रेस ने उसे पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार किया और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान और कसौटी है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि भाजपा स्वयं को लोकतंत्र की सबसे बड़ी हितैषी मानती है तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि आज विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की लगातार कार्रवाई क्यों हो रही है। देशभर में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने के आरोप क्यों लग रहे हैं। संसद के भीतर विपक्ष की आवाज को सीमित करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उठ रहे सवालों का जवाब भी भाजपा को देना चाहिए।

महंगाई, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उठाए सवाल

उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस ने अपने इतिहास से सीख लेते हुए लोकतंत्र और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को समय-समय पर साबित किया है। वहीं भाजपा आज भी पांच दशक पुराने घटनाक्रम को मुद्दा बनाकर वर्तमान चुनौतियों और अपनी नीतिगत विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। श्री पिल्ले ने कहा कि देश की जनता अब अतीत की राजनीति नहीं, बल्कि वर्तमान की समस्याओं का समाधान चाहती है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने बेरोजगारी गंभीर चुनौती बन चुकी है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। किसानों की आय बढ़ाने के दावों के बावजूद उनकी आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भी चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत माना जाता है जब जनता के सवालों का जवाब दिया जाए और उसकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में आम नागरिकों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को इतिहास की राजनीति छोड़कर वर्तमान चुनौतियों और जनता से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही तय करनी चाहिए। श्री पिल्ले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पहले भी प्रतिबद्ध थी आज भी है और भविष्य में भी अपनी इस प्रतिबद्धता पर अडिग रहेगी। उन्होंने कहा कि देशहित में लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com